पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती शुभ्रा मुखर्जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

लखनऊः 18 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी की पत्नी श्रीमती शुभ्रा मुखर्जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि देश की प्रथम महिला श्रीमती शुभ्रा मुखर्जी बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थीं। श्रीमती मुखर्जी एक विख्यात चित्रकार होने के साथ रवीन्द्र संगीत की अच्छी गायिका भी थी। उन्होंने कई पुस्तकों का भी लेखन किया था।

श्री नाईक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने और राष्ट्रपति एवं परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।